ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

बिहार कृषि विश्वविद्यालय

सबौर, बिहार

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 27-09-2024

किशनगंज(बिहार) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-09-27 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-09-28	2024-09-29	2024-09-30	2024-10-01	2024-10-02
वर्षा (मिमी)	50.0	0.0	0.0	10.0	30.0
अधिकतम तापमान(से.)	24.0	25.0	27.0	27.0	26.0
न्यूनतम तापमान(से.)	22.0	24.0	25.0	25.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	70	70	80	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	40	40	50	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	15	10	5	10	15
पवन दिशा (डिग्री)	70	70	100	70	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	5	5	8	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों के लिए जारी मध्यम अवधि के पूर्वानुमान के अनुसार अधिकतम तापमान 25.0°C और 28.0°C के बीच रहने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान 23.0°C और 25.0°C के बीच रहने का अनुमान है सुबह के समय सापेक्ष आद्रर्ता 70 और 95 प्रतिशत के बीच और दोपहर के समय सापेक्ष आद्रर्ता 40 से 60 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है और हवा की गति 5.0 किमी प्रति घंटा से 20. 0 किमी प्रति घंटा चलने की उम्मीद है। हवा अधिकतर दक्षिण पूर्व से पश्चिम में बहेगी।आने वाले दिनों में हल्की वर्षा होने के साथ बादल भी छाए रहने की संभावना बनी हुई है।

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में अधिकतर मौसम शुष्क रहेगा और आसमान में हल्की से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है लेकिन दिनाँक 2 अक्टूबर तक मे हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। आगामी दिनों को देखते हुए किसान भाई फसलों का प्रबंधन उचित तरीके से करें , इस समय फसलों पर छिड़काव न करे मौसम शुष्क रहने पर ही छिड़काव करें। सब्जी की क्यारियों में पानी न लगने दे | व क्यारियों से जल निकासी की समुचित व्यस्था बनाये

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले 2 अक्टूबर तक मे हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना बनी है ।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की खेत में 5 सेंटीमीटर तक पानी को बाली निकलने के समय बनाए रखे | व इस समय धान में तना छेदक कीट लगने की समस्या हो सकती है , किसान भाई अपने खेतो का नियमित निगरानी करते रहे अगर धान के खेत में सुखी (सफेद) बालिया दिखाई देने पर इसकी रोकथाम के लिए थायोमेथाक्सेम 25 % WG @ 0.5 मिली /लीटर पानी या एमामेक्टिन बेंजोएट 5 % SG @ 1 ग्राम /लीटर पानी के साथ छिड़काव करे | और इस समय धान की बाली में यदि पीला सा चूर्ण (कंडुआ रोग) या तने में गलन के लक्षण (शीथ ब्लाइट) दिखाई देते है तो उसकी बचाव हेतू प्रोपिकोनाजोल 1 मिली प्रति लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करे |
रागी	रागी की पत्ती में ब्लास्ट के लक्षण दिखाई देने पर ट्राइसाइक्लाजोल @ 1. 0 -1. 5 मिली /लीटर पानी का घोल बनाकर छिड़काव करना लाभप्रद है | तना मक्खी के नियंत्रण हेतू थाइयोमिथाक्सम + लैम्डासाइहेलोथ्रिन का 1 मिली /लीटर पानी के घोल का छिड़काव करे |
रेपसीड	जिन किसान भाईयो ने अभी तक तोरिया की बुवाई नहीं की है वे जल्दी पकने वाली प्रजाति की बुवाई अतिशीघ्र करे | तोरिया की बुवाई 30x15 सेंटीमीटर पर , तथा 3 - 4 सेंटीमीटर गहरे कूड़ो में करे |